NavBharat Times-New Delhi-30-04-2011

डीटीयू में बंपर प्लेसमेंट शुरू

नया रेकॉर्ड : 140 स्टूडेंट्स को कई ऑफर

प्रमुख संवाददाता ॥ नई दिल्ली

दिल्ली टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में इस बार प्लेसमेंट का नया रेकॉर्ड बन गया है। अभी तक स्टूडेंट्स को 931 जॉब ऑफर हुई हैं। इस बार फाइनल ईयर के करीब 500 स्टूडेंट्स ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था और लगभग सभी स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हुई है। खास बात यह है कि इनमें से 140 स्टूडेंट्स ऐसे हैं, जिन्हें दो या तीन कंपनियों से भी बुलावा आया है। अभी तक कैंपस में 166 कंपनियां आ चुकी हैं, जबकि पिछले साल 138 कंपनियां आई थीं।

वाइस चांसलर प्रो. पी. बी. शर्मा का कहना है कि प्लेसमेंट के नए रेकॉर्ड से यूनिवर्सिटी का भी हौसला बढ़ा है और डीटीयू के स्टूडेंट्स कंपनियों में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल प्लेसमेंट का रेकॉर्ड बेहतर होता जा रहा है। अभी तक अधिकतम पैकेज 11.8 लाख का है। ऐवरेज पैकेज भी 6 लाख रुपये तक जा पहुंचा है, जो पिछले साल से कुछ बेहतर है। डीटीयू में इस बार एमबीए स्टूडेंट्स के पहले बैच की भी प्लेसमेंट हो रही है और 34 स्टूडेंट्स को जॉब ऑफर हो चुकी है। इस बार प्लेसमेंट में नया ट्रेंड देखने को मिला है। पिछले सालों तक स्टूडेंट्स प्लेसमेंट के दौरान सैलरी पैकेज को ही सबसे ज्यादा महत्व देते थे लेकिन अब वे बेहतर करियर और वर्क प्रोफाइल को देखते हुए भी कंपनी के ऑफर स्वीकार कर रहे हैं।

कंपनी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स को सिलेक्ट कर रही हैं। मसलन इस बार तीन कंपनियों ने एक साथ 33, 27 और 25 स्टूडेंट्स को चुना है। यूनिवर्सिटी को उम्मीद है कि जॉब ऑफर का आंकड़ा जल्द ही एक हजार की संख्या तक पहुंच जाएगा।

नौकरी पक्की...



- अब तक 166 कंपनियां आ चुकी हैं कैंपस में
- अधिकतम पैकेज 11.8 लाख रुपये का है
- स्टूडेंट्स का फोकस करियर और वर्क प्रोफाइल पर